MP Forest Department

कार्यालय सामान्य, वन मंडल छतरपुर म. प्र.

जवाहर रोड, छतरपुर (म.प्र.) 471001 ☎07682-245316 (O.), 245316 (Fax)
E-mail: dfotchtpur@mp.gov.in

क्रमांक / मा.चि. / 2020 / 5041 छतरपुर, दिनांक 4-12-2020

प्रति,

मेसर्स ऐस्सेल माईनिंग
एण्ड इण्डस्ट्रीज लि0
आदित्य बिड़ला सेन्टर, ए–विंग प्रथम तल,
एस.के. अहीर मार्ग वर्ली मुम्बई

विषय :– वनमण्डल छतरपुर के रकवा 382.131 हे0 वनभूमि व्यपवर्तन हेतु मेसर्स ऐस्सेल माईनिंग एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, मुम्बई का बण्डर डायमण्ड उत्खनन के लिए ऑन लाइन प्रस्ताव क्रमांक FP/MP/MIN/45288/2020

सन्दर्भ :– आपका पत्र क्रमांक / EMIL/Bunder/HO/2020/59 दिनांक 09.10.2020

विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र द्वारा आपने ऑनलाइन प्रस्ताव क्र. FP/MP/MIN/45288/2020 की हार्ड कॉपी इस कार्यालय को प्रस्तुत की गई थी। आपके द्वारा ऑनलाइन फॉर्म नं0 01 भरकर अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–अभिलेख), नोडल अधिकारी भोपाल को प्रस्तुत किया गया था, जिसमें वनभूमि व्यपवर्तन के एवज में क्षतिपूर्ति वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु ग्राम कसेरा, तहसील बकस्वाहा के खसरा क्रमांक 13 / 1 के अनुसार 382.131 हे0 उपलब्ध करवाने का उल्लेख करते हुए उक्त क्षेत्र की KML फाइल अपलोड की गई थी।

ऑन लाइन प्रस्ताव में उल्लेखित भूमि का निरीक्षण अद्योहस्ताक्षरकर्ता द्वारा दिनांक 19.11.2020 को किया गया एवं प्रस्तावित राजस्व क्षेत्र की जी.पी.एस. रीडिंग अधीनस्थ स्टाफ द्वारा ली गई। जी.पी.एस. रीडिंग को गूगल अर्थ पर अंकित किये जाने पर प्रस्तावित क्षेत्र का अधिकांश रकवा वनभूमि पाया गया एवं प्रस्तावित क्षेत्र का क्षेत्रफल भी लगभग 214.000 हे0 है जो व्यपवर्तित की जाने वाली वनभूमि के बराबर नहीं है। अतः क्षतिपूर्ति वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु नवीन राजस्व भूमि प्रस्तावित करते हुए कलेक्टर छतरपुर से भूमि उपलब्ध करवाने संबंधी सहमति पत्र जारी करवायें। जिससे प्रकरण में यथाशीघ्र कार्यवाही करते हुए समयावधि में वरिष्ठ कार्यालय को सम्प्रेषित किया जा सके।

3/12/20

(संजीव झा)
वन मण्डलाधिकारी
सा. वनमण्डल छतरपुर

पृष्ठां. क्रमांक / मा.चि. / 2020 / 5042 छतरपुर, दिनांक 4-12-2020

प्रतिलिपि :–
1. अपर प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (भू–अभिलेख), सतपुडा भवन भोपाल की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. मुख्य वन संरक्षक, छतरपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्प्रेषित।
3. कलेक्टर, छतरपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्प्रेषित।

वन मण्डलाधिकारी
सा. वनमण्डल छतरपुर

Scanned with CamScanner